PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD

VIDYALAYA PATRIKA

2025-26

PRABHAT

PM SHRI Kendriya Vidyalaya Kurud

Session 2025-26

MOTTO

" तत्त्वं पूषण अपावृणु "

meaning **O Lord, remove the covering (that the Seeker may see the Truth)**

VISION

"KVS believes in imparting knowledge/values and nurturing the talent, enthusiasm and creativity of its students for seeking excellence through high-quality educational endeavours."

MISSION AND KEY OBJECTIVES

01

TO CATER TO THE EDUCATIONAL NEEDS OF CHILDREN OF TRANSFERABLE CENTRAL GOVERNMENT EMPLOYEES INCLUDING DEFENCE AND PARA-MILITARY PERSONNEL BY PROVIDING A COMMON PROGRAMME OF EDUCATION;

02

TO PURSUE EXCELLENCE AND SET THE PACE IN THE FIELD OF SCHOOL EDUCATION;

03

TO INITIATE AND PROMOTE EXPERIMENTATION AND INNOVATIONS IN EDUCATION IN COLLABORATION WITH OTHER BODIES LIKE THE CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION (CBSE) AND THE NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING (NCERT) ETC.

04

TO DEVELOP THE SPIRIT OF NATIONAL INTEGRATION AND CREATE A SENSE OF "INDIANNESS" AMONG CHILDREN.

05

TO PROVIDE, ESTABLISH, ENDOW, MAINTAIN, CONTROL AND MANAGE SCHOOLS, HEREINAFTER CALLED THE 'KENDRIYA VIDYALAYA' FOR THE CHILDREN OF TRANSFERABLE EMPLOYEES OF THE GOVERNMENT OF INDIA, FLOATING POPULATION AND OTHERS INCLUDING THOSE LIVING IN REMOTE AND UNDEVELOPED LOCATIONS OF THE COUNTRY AND TO DO ALL ACTS AND THINGS NECESSARY FOR PROVIDING A CONDUCIVE ATMOSPHERE IN SCHOOLS.

GROWTH OF KVS



KVS has become one of the largest school chains of the world catering to more than 14 lakh students and houses around 44 thousand employees. Today, 1257 KV schools are there in India and 3 KV school abroad. Among all the KVs, 834 KVs are selected as PM SHRI schools.

ABOUT PM SHRI

"PM SHRI Schools" is a centrally sponsored scheme by the Government of India. This initiative is intended to develop more than 14500 PM SHRI Schools for Rising India in which every student feels welcomed and cared for, where a safe and stimulating learning environment exists, where a wide range of learning experiences are offered, and where good physical infrastructure and appropriate resources conducive to learning are available to all students.

More than 20 lakh students are expected to be the direct beneficiaries of the scheme.

PM SHRI

Pradhan Mantri Schools for Rising India

Creating holistic and well-rounded individuals equipped with key 21st Century skills

FROM THE PRINCIPAL'S DESK

Mrs. Gloria Minj
Principal

Discover the essence of perseverance and dedication at Kendriya Vidyalaya Kurud. Our theme, 'There is no shortcut to success, echoes our commitment to instilling values of hard work, resilience, and determination.

VIDYALAYA PATRIKA COMMITTEE

Mrs. Gyanmani Ekka
PGT (Hindi)

Mrs. Nalini shrivas
PGT (English)

Ms. Priya Prajapati
(PRT)

Mrs. Richa Tripathi
TGT(SANS.)

Mr. Taran Ganesh Thakur
TGT (AE)

Ms. Ritika Dhanwal
(PRT)

Mr. Sandeep Rathee
TGT(Librarian)

SCHOOL

HIGHLIGHTS

ANNUAL DAY HIGHLIGHTS

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA
KURUD
District - Dhamtari (C.G.)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
Vidya Vaibhav Olympiad
SPORTS OLYMPIAD
03.10.2024

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
COMMUNITY PARTICIPATION
15 February 2025

केन्द्रीय विद्यालय कुरूद
KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
VILL-CHARRA, POST KURUD
COMMUNITY PARTICIPATION
15 February 2025

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
COMMUNITY PARTICIPATION
15 February 2025

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
COMMUNITY PARTICIPATION
15 February 2025
Samsung Triple Camera

हिंदी

विद्यालय

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कुरूद

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद का नाम,
शिक्षा का यह पावन धाम।
ज्ञान की गंगा बहती यहाँ,
हर विद्यार्थी के सपने सजते यहाँ॥

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद का नाम,
शिक्षा का यह पावन धाम।
ज्ञान की गंगा बहती यहाँ,
हर विद्यार्थी के सपने सजते यहाँ॥

कक्षाओं में जब होती पढ़ाई,
नए-नए विचारों की रचना आई।
गणित, विज्ञान, और इतिहास की धुन,
हर विषय में मिलता है हुनर का जुनून ॥

पुस्तकालय में ज्ञान का खजाना,
हर पुस्तक में छिपा है अनमोल तराना |
खेल के मैदान में मस्ती का रंग,
स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का संग॥

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की है शान,
प्रत्येक छात्र में छिपा है कलाकार महान।
नृत्य, संगीत, और नाटक की बारी,
हर विधा में हम देते हैं परीक्षा सारी॥

शिक्षा के संग संस्कारों का मेल,
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद का यही है खेल।
दृढ़ संकल्प और मेहनत की राह,
सफलता की सीढ़ी चढ़ते हैं यहाँ ॥

हमारा विद्यालय, हमारा अभिमान,
केंद्रीय विद्यालय कुरूद की पहचान।
ज्ञान, संस्कार, और अनुशासन का संगम,
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कुरुद के बच्चे है हम ||

नाम - लेखा साहू
कक्षा - 10वीं

मेरा विद्यालय

मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय
मानव का निर्माण करें ,
हमारा केंद्रीय विद्यालय
माता-पिता ने हमको जन्म दिया,
मेरे हित हरदम किया दिया।
हम मेहनत कर सुबह शाम ,
रोशन करेंगे उनका नाम।
पौरुष शरीर का मन भरें ,
हमारा केंद्रीय विद्यालय।

मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय
मन वचन कर्म से एक सभी ,
अन्वेषण अनुरागी नेक सभी।
मां की करोड़ों से ओत-प्रोत ,
शिक्षक सारे हैं ज्योत स्त्रोत
बल कौशल ज्ञान प्रदान करें ,
हमारा केंद्रीय विद्यालय ।
मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय
स्कूली शिक्षक के हैं हम आदर्श ,
हमें समाहित सारा भारतवर्ष।
हम राही है विश्व विजय के,अनुशासन जयअभय विनयके।
संगठन शक्तिमान करें , हमारा केंद्रीय विद्यालय।।

मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय
हम सबके पोशाक है पूषण ,
हम गुरु शिष्य करें साथ नमन।
दोनों में बाल हो निश्चल हो ,
मां का हर कोना उज्जवल हो
परमात्मा प्रीति प्राण भरे ,
हमारा केंद्रीय विद्यालय।
मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय
मानवता निर्माण करे ,
हमारा केंद्रीय विद्यालय।
मेरा केंद्रीय विद्यालय ,
तुम्हारा केंद्रीय विद्यालय।।

केंद्रीय विद्यालय संगठन

के **वि** एस की महिमा, लगती निराली हमें
बांधती है अपने, बंधन में सबको

इसकी पढ़ाई देती, सम्पूर्ण ज्ञान हमें
निखारती, सभी कलाएँ बच्चों में

कभी बाल मेला ,कभी हाइक पर बच्चे
कभी पोलियो कैंप, कभी स्काउट कैंप

कभी ट्रेनिंग कैंप, कभी करिएर गाईडेंस
बच्चों को ये, ट्रैकिंग पर ले जाते हैं

कभी वाटर स्पोर्ट्स, कभी ओलम्पीआड
सभी खेलों की ,स्पोर्ट्स मीट ये कराते हैं

शिक्षकों की योग्यता ,इनकी विधा से दिखे
बच्चों को ये, इंजीनयर, डाक्टर बनाते हैं
कभी रिफ्रेशेर, कभी ट्रेनिंग कैंप
शिक्षकों को शिक्षा के, गुर ये सिखाते हैं

नेता अभिनेता ,सभी प्रकार के चरित्र
विद्यालय में ये ,रोज ही दिखाते हैं

कराते हैं ये पार्लियामेंट ,स्कूल प्रांगण में
बच्चों में ये ,नेतृत्व की भावना जगाते हैं

पुस्तकालय भी इनके होते हैं, नंबर वन
जहां बच्चों को, ज्ञान का भण्डार मिल जाता है

प्रोजेक्ट हो, या हो असाइनमेंट
क्षण भर में ,यहाँ पूरे हो जाते हैं

ज्ञान का प्रसार ,करते ये **लब्रेरियन**
ज्ञान के मसीहा के, रूप में जाने जाते हैं

कम फीस, अच्छी सुविधा का वादा
राष्ट्रपति ,स्काउट गाइड ये बनाते हैं

ऊँची ऊँची बिल्डिंग ,खुला मैदान देखो
धरती पर स्वर्ग ,उतार ये लाये हैं

शिक्षा पर शोध, यहाँ का नारा है
सारा विश्व ,एक परिवार हमारा है

धार्मिक एकता ,अखंडता उपरोपरि
साम्प्रदायिक एकता, उद्देश्य हमारा है

बच्चे सहयोग करें, बाद पीड़ितों के लिए
भूकंप पीड़ितों के लिए, दंगा पीड़ितों के लिये

समाज की सेवा करना ,यहाँ बच्चों को सिखाते हैं
राष्ट्र समर्पण की ,भावना जगाते हैं

के **वि** एस की महिमा, लगती निराली हमें
बांधती है अपने, बंधन में सबको

नाम - भाविका ध्रुव
कक्षा -7वी

हमारा विद्यालय

यह हमारा विद्यालय है
शिक्षा का उत्तम आलय।

पढ़ते यहाँ हम सब बच्चे
नियमित रीति में है सब सच्चे
अंग्रेजी यहाँ सिखाई जाती है।

हिंदी यहाँ पढ़ाई जाती है
गणित यहाँ **समझाई** जाती है।

कला यहाँ सिखाई जाती है
शिक्षक सभी गुणी विद्वान।

विद्या का नित और भाईचारे की शिक्षा देते हैं
देशभक्ति का मार्ग पढ़ाते हैं।

हाँ शिक्षा का उत्तम आलय
यह हमारा विद्यालय है।।

नाम-दिशा चंद्राकर
कक्षा-12वी

शिक्षा

शिक्षा जीवन का आधार,
शिक्षा से ही मिलता आकार।

शिक्षा सम्मान दिलाती हैं,
शिक्षा अवगुण दूर कराती है।

शिक्षा कर्तव्य पालन सिखाती है
शिक्षा अधिकारों से अवगत कराती है

शिक्षा अनपढ़ को साक्षर बनाती है,
शिक्षा भविष्य का निर्माण करती है।

शिक्षा जैसा नहीं कोई और,
आओ चले विद्यालय की ओर।

जन जन शिक्षा को फैलाएं,
आओ एक साक्षर राष्ट्र बनाएं।

नाम- मोक्षिका साहू
कक्षा-7वी

शिक्षा हमारी पहचान

शिक्षा में ही प्रगति है,
हमारे देश की यह शक्ति है
शिक्षा से ऊपर न कोई स्थान
कभी न करना इसका अपमान

शिक्षा बनेगी हमारी पहचान
शिक्षा का है बहुत महत्व
इससे बनता हमारा व्यक्तित्व
शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाओ

शिक्षा है बहुत जरूरी
ना रखना कभी इससे दूरी
शिक्षा से हमे मिलता है ज्ञान
इससे हमारा देश बनेगा महान

रेणुका पटेल द्वारा
कक्षा - 12वीं

स्कूल

देखो देखो स्कूल खुला है,
झगड़ा छोड़ो वक्त नहीं है,
पढ़ लिखकर ही लोग मिलेंगे
हमें बड़ाई करने को
झगड़ा छोड़ो वक्त नहीं है।
अभी लड़ाई करने को
अनपढ़ नहीं रहेंगे अब
ज्ञान बढ़ाना है,
यही समझकर हमको ,
सबको समझाना है,
सही समय है जीवन का ये,
अभी पढ़ाई करने को,
पढ़ लिखकर लोग मिलेंगे,
पढ़ाई करने को,
देखो देखो स्कूल खुला है।
झगड़ा छोड़ो वक्त नहीं है,
अभी लड़ाई करने को।

केन्द्रीय विद्यालय हमारा

केन्द्रीय विद्यालय हमारा, चमकता हुआ सितारा है
धूमकेतु सा आसमान में, विद्या की अमृत धारा है|

नन्हे मुन्ने बच्चों की, उम्मीदों का तारा है
खेल मे विज्ञान सीखना, अद्भुत बड़ा नजारा है

दृढ़प्रतिज्ञ और ज्ञानदायनी,शिक्षा बहती चारो ओर
पुस्तक बैठ के पढ़ने का, मजा बड़ा ही प्यारा है

शिक्षा मानवता की सृजनी, जीवन का उजियारा है
सूचना की स्रोत किताबें, ज्ञान का फव्वारा है

मानव मूल्य का मानबढ़ाएं, विद्या सब में अलख
एक है भारत श्रेष्ठभारत,यह संदेश हमारा है।

नाम-मानस धीवर
कक्षा- 2

मेरा स्कूल

मेरे स्कूल का नाम है K.V. स्कूल,
यहां खिले हैं सुंदर-सुंदरफूल।
मेरा स्कूल लगता है सजे-सजेसे,
हम पढ़ते हैं यहां मजे- मजेसे।
हम पढ़ते हैं अपने दोस्तों के संग,
ज्वायफुलमैथ्स, ऑर्थोलॉजी, सारंगी और मृदंग।
साथ ही सीखते हैं गीत, कविता और भाषण,
और सीखते हैं जीवन के अनुशासन।
शिक्षक हमें सच्चेलगन से पढ़ाते हैं,
मजे- मजे से ज्ञान की बातें सिखाते हैं।
कितना सुंदर न्यारा-न्यारा,
मेरा स्कूल है सब से प्यारा।

नाम - नामिका वर्मा
कक्षा - दूसरी

मेरा स्कूल

मेरा प्यारा सा स्कूल
मुझ को लगता कितना कूल
इसमें खिले हैं सुंदर फूल
तोड़नेकीनाकरनाभूल।

पढ़ने सीखने जाते हम
जितना सीखो उतना कम
जब स्कूल को छोड़ते हम
आंखें हो जाती है नम।

बचपन यहां गुजरता है मेरा स्कूल
मेरा प्यारा सा स्कूल
मुझ कोल गता कितना कूल
इसमें खिले हैं सुंदर फूल
तोड़ने की ना करना भूल।

पढ़ने सीखने जाते हम
जितना सीखो उतना कम
जब स्कूल को छोड़ते हम
आंखें हो जाती है नम।

बचपन यहां गुजरता है
तभी जीवन सुधरता है।
तभी जीवन सुधरता है।

अभ्यूदय साहू
कक्षा- छठवीं

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
Digital Library

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
Digital Library

Digital

Digital Library

PM SHRI
JUDGES
DEBATE

Olympiad
DEBATE

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD
Vidya Vaibhav Olympiad
Debate
JUDGES

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KURUD

शिक्षा

हमारे प्यारे शिक्षक

ज्ञान के दीप जलाते हैं, शिक्षक रास्ता दिखाते हैं,
हमें अज्ञान से निकालकर,
सफलता की ओर ले जाते हैं।
कठिन सवालों के सरल जवाब देते हैं,
हमें सोचना सिखाते हैं,
हर चुनौती से लड़ना सिखाते हैं।
माता-पिता के समान, प्यार से समझाते हैं,
गलत रास्ते पर नही चलना है,
यह हमें प्यार से समझाते हैं।
संस्कारों का बोध कराते हैं,
देश का भविष्य उज्ज्वल बनाते है ।
शिक्षक का सम्मान हमेशा करना चाहिए,
उनका ज्ञान ही हमारा भविष्य बनाता है।

नाम – शताक्षी साहू
कक्षा– 10वी

पढ़ने का जोश

फूल से कोमल मुखड़े पर,
तनाव की लकीरें छाई हैं,|

नन्हे मुन्नो के बचपन पर,
पढ़ने का जोश हाई(high) हैं|

घर की छतो पर धम - धम की आवाज बिसराई हैं,
टीवी मोबाइल की दुनिया में गुम हुआ बचपन,|

पीठ से लदा बस्ते का वजन हुआ हाई (high) है,
खेलना कूदना छोड़कर पढ़ाई में दिमाग़ खपाई हैं,|

रिश्तो की समझ उनके जीवन से परे है,
संवेदन हीन दुनिया में बच्चे अकेले खड़े हैं,|

कहाँ गया कृष्ण जैसा भोलापन,
गेम की दुनिया में गुम हो गया बचपना |

दादा, दादी, नाना नानी की कहानी हो गई गुम,
आगे बढ़ने की अभिलाषा ने कर दिया उनको चुप|

परिवर्तन शील दुनिया ने बचपन पर तीर चलाई हैं,
नन्हें - मुन्ने के बचपन पर पढ़ने का जोश हाई हैं

रे पढ़ने का जोश हाई हैं |||

नाम - ख़ुशी साहू
कक्षा - 10वीं

विद्यार्थी प्रगति

विद्यार्थी जीवन, जीवन का एक अनमोल दौर,
यह दौर हमें ज्ञान का सागर सिखाता है।
इस दौर में हम अपने सपनों को बुनते हैं,
और अपने भविष्य की नींव रखते हैं।
विद्यार्थी जीवन, जीवन का एक सुनहरा दौर,
यह दौर हमें दोस्ती,
प्यार और भाईचारे का पाठ सिखाता है।
इस दौर में हम अपने जीवन के सबसे अच्छे दोस्त बनाते हैं,
और जीवन के सबसे खूबसूरत पल बिताते हैं।
विद्यार्थी जीवन, जीवन का एक चुनौतीपूर्ण दौर,
यह दौर हमें परीक्षाओं और प्रतिस्पर्धा का सामना करना सिखाता है।
इस दौर में हम अपने साहस और दृढ़ संकल्प की परीक्षा देते हैं,
और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार होतेहैं।
विद्यार्थी जीवन, जीवन का एक सारभूत दौर,
यह दौर हमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों को सिखाता है।
इस दौर में हम सीखते हैं कि कैसे जीना है,
और कैसे एक अच्छा इंसान बनना है।

नाम - दिव्यांशी भतपहरी
कक्षा - 10वीं

गीतगीत

बोलो बच्चो एक , अब तुम खाओ केक।

बोलो बच्चो दो, हाथों को अब धो।

बोलो बच्चो तीन, ककणगुट्टेबिन।

बोलो बच्चो चार,जाएंगे बाजार।

बोलो बच्चो पांच,नहीं सांचकोआच।

बोलो बच्चो छह, भारतमाताकीजय।

बोलो बच्चो सात,सबबढ़ाओहाथ।

बोलो बच्चो आठ,जल्दीसीखोपाठ।

बोलो बच्चो नो, सदायशस्वीभव।

बोलो बच्चो दस,हो गई गिनती बस।

नाम - प्रतिभासोनकर

कक्षा-दूसरी

अ-अः

अनार है बड़े कामका

आम है मीठा बड़े कामका

इमली हो ती खट्टी-खट्टी

ईख लगती मीठी - मीठी

उल्लू को रात आई रास

ऊँट को लगी है बड़ी प्यास

ऋषि से ज्ञान पायो

सब को एकता का पाठ पढ़ाओ

ऐया को ऐरावत दिखाओ

ओखली मेंह मकुटे धान

औषधि से ठीक हुआ राम

अंडा खाकर से हत बनाओ

अ: है खाली फिरदोह राओ

नाम - तुशांक साहू

कक्षा – दूसरी

पाठशाला

चलो चले हम पाठशाला,
पहनेंगे हम ज्ञान की माला
पढ़ लिखकर विद्वान बनेंगे,
पढ़कर देश की सेवा करेंगे।

कोई डाक्टर,कोई इंजीनियर,
कोई भाई वैज्ञानिक बनेगा।
बहन बनेगी आई.एस, आई.पी.एस

बहन भी पीछे नहीं हटेगी,
चलो चले हम पाठशाला,
पहनेंगे हम ज्ञान की माला।

नाम – रजत सूर्यवंशी
कक्षा -2

मेरीपुस्तक

मेरी पुस्तक सुंदर है।
सुंदर चित्र दिखाती है।
सुंदर-सुंदर पाठ पढ़ा,
मेरा ज्ञान बढ़ाती है।

क ख ग घ हमें सिखाए।
अंको का ज्ञान कराए।
घर क्या है बाहर क्या है ?
यह भी हमें बताती है।

अच्छा और बुरा होना।
क्या पाना क्या है खोना।
बड़े प्यार से इन सबको,
पुस्तक हमें सिखाती है।

पुस्तक है ज्ञान खजाना।
इससे तुम लाभ उठाना।
भेद भाव के बिना सदा,
ज्ञान यहाँ फैलाती है।

नाम – अभ्युदय साहू,
कक्षा- छठवीं

सबसे प्यारी मेरी टीचर

सबसे प्यारी मेरी टीचर
हम को रोज पढ़ाती है
मेरी टीचर कितनी अच्छी
खेल-खेल में हमें सब सिखाती है
जब टीचर पाठ पढ़ाती है
बहुत सारी नई-नई अच्छी-अच्छी बातें बतलाती है
जब टीचर हमें डांटती है
अच्छा इंसान हम सब को बनाती है
कभी प्यार से कभी डाट के जीवन जीना हमें सिखातीहै
सदा बड़ों का आदर करना हमेशा से सिखाती है
सबसे प्यारी मेरी टीचर

नाम- अस्तित्व चंद्राकर
कक्षा- छठवीं

काम

काम करने का अपना मज़ा है
बस काम मेरे मन का हो
कर सकूं जिसे खुशी-खुशी
मैं तो अभी नन्ही बच्ची हूं
चलो गुड़िया को ब्रश कराकर
अभी मुझे नहलाना है
इसे हेल्दी खाना खिलाकर
मुझे भी तो स्कूल जाना है
होमवर्क तो कर लिया है मैंने
बस मैम से चेक करवाना है...
काम करने का अपना मज़ा है
बस काम मेरे मन का हो
देखो स्कूल की घंटी बजी है
प्रार्थना से शुरूआत होती है
रोज मेरे प्यारे दोस्तों संग
हंसी, ठिठोली और मुलाकात होती है
पर आज तुमको मैं अपनी
एक सिक्रेट बताती हूं
पर्यावरण है प्यारे प्यारे
हिंदी मानो माथे की बिंदी
अंग्रेजी के पोयम अच्छी है
सच कहूं तो ये गणित ही उलझाते हैं
इसीलिए तो हमारे प्यारे शिक्षक
इसे बार बार समझाते हैं...
काम करने का अपना मज़ा है
बस काम मेरे मन का हो
चिल्लाती है मां बहुत ही
पर काम की बात सिखाती है
पापा भी तो बहुत प्यारे हैं
जो गार्डन ले जाते हैं
दादा दादी दूर भले हों
पर उनके सुनाए कहानी को यादकर ही
नींद तुरंत आ जाती है...
काम करने का अपना मज़ा है
बस काम मेरे मन का हो

शिक्षक

मत पूछिए कि शिक्षक कौन है?
आपके प्रश्न का सटीक उत्तर आपका मौन है।

शिक्षक न पद है, न पेशा है, न व्यवसाय है।
ना ही गृहस्थी चलाने वाली कोई आय हैं।।

शिक्षक सभी धर्मों से ऊंचा धर्म है।
गीता में उपदेशित "मा फलेषु" वाला कर्म है।।

शिक्षक एक प्रवाह है,
मंज़िल नहीं राह है।
शिक्षक पवित्र है,
महक फैलाने वाला इत्र है।।

शिक्षक स्वयं जिज्ञासा है।
खुद कुआं है पर प्यासा है।।

वह डालता है चांद सितारों तक को तुम्हारी झोली में,
वह बोलता है बिल्कुल, तुम्हारी बोली में।।

वह कभी मित्र, कभी मां तो कभी पिता का हाथ है,
साथ ना रहते हुए भी ताउम्र का साथ है।।

शिक्षक एक विचार है,
दर्पण है, संस्कार है।।

शिक्षक भाषा का मर्म है,
अपने शिष्यों के लिए धर्म है।।

वह इंद्रधनुष है, जिसमें सभी रंग है।
कभी सागर है, कभी तरंग है।।

वह रोज़ छोटे - छोटे सपनों से मिलता है,
मानो उनके बहाने स्वयं खिलता है।।

नाम- तन्मय कुमार बघेल
कक्षा – तीसरीं

अध्यापक

जब पहला पग पड़ा विद्यालय में तब मैं कोरा पन्ना था,
मुझे भी शिक्षा ग्रहण करके एक अच्छा इन्सान बनना था,
हाँ साथ दिया मेरे शिक्षकों ने और सिखाई हर नई बात मुझे
अपनी लिखी कुछ पंक्तियों में मैं नमन करूंगा आज उन्हें !!
रोज सुबह मिलते है इनसे, क्या हमको करना है ये बतलाते है।
ले के तस्वीरें इन्सानों की, सही गलत का भेद हमें ये बतलाते हैं।
कभी डांट तो कभी प्यार से, कितना कुछ हमको ये समझाते हैं।
खो ना जाये भीड़ में कहीं हम, हम को हम से ही ये मिलवाते हैं।
हार हार के फिर लड़ना ही जीत है सच्ची, ऐसा एहसास ये हमको एहसास करवाते हैं।
कोशिश करते रहना हर पल, जीवन का अर्थ हमें ये बतलाते हैं।
देते है नेक मंज़िल भी हमें, राह भी बेहतर हमें ये दिखलाते हैं।
देते है ज्ञान जीवन का, काम यही सब है इनका, ये अध्यापक कहलाते हैं।

नाम- साकेत कुमार साहू
कक्षा – चौथी

किताब

बचपन की साथी किताब,
मौज मस्ती लाती किताब ॥
जीवन को संवारती किताब,
दुनिया भी घुमाती किताब ॥

रंगीन दुनिया की सैर कराती,
कभी जंगलों में भी ले जाती ॥
पशु पक्षी से हमें भी मिलाती,
गांव का भी अब हाल सुनाती ॥

दादी का राज बताती किताब,
मम्मी की बात सुनाती किताब ॥
बच्चों की जिद होती है किताब,
बचपन को भी दोहराती किताब ॥

नाम- केनिका साहू
कक्षा- चौथी ब

शिक्षा जगत

(१) शिक्षा जीवन का आधार हैं, इसके बिना सब बेकार हैं ।।

(२) शिक्षा जीवन का सार सिखाती हैं ,सभी परेशानियों से हमें बचाती हैं।।

(३) सभी समस्याओं का होगा हल ,शिक्षा से होगा एक बेहतर कल।।

(४) हम सभी का हैं एक ही नारा। शिक्षा हैं अधिकार हमारा।।

(५) शिक्षा हैं जीवन का आधार। जो करती सबके सपनों को साकार।।

(६) शिक्षा हैं हर बच्चे का अधिकार। इससे उन्हें दूर करने का न करो विचार।।

(७) शिक्षा हैं सबसे अनमोल। इसका नहीं हैं कोई मोल।।

नाम- सिध्दार्थ कौशल
कक्षा –चौथी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
वन महोत्सव
01.07.2024 से 07.07.2024

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद
वन महोत्सव

पर्यावरण

धरती माँ की पुकार

हरी-भरी धरती हमारी,
नीला आसमान प्यारा।
पेड़ों की छांव न्यारी,
नदियों का शीतल जल धारा।

पर प्रदूषण से त्रस्त प्रकृति,
सुनो इसकी पुकार।
आओ मिलकर करें प्रयास,
धरती को दें नव आकार।

पेड़ लगाओ, जल बचाओ,
स्वच्छ बनाओ हर राह।
प्रकृति से प्रेम निभाओ,
संभालो इस अनमोल धरा।

नाम - निखिल साहू
कक्षा - 10वी

धरती की पीड़ा

धरती कहे पुकार के, मुझको मत तू छेड़।
बढ़ता जाता ताप है , काट रहा क्यों पेड़।।

काट रहा क्यों पेड़, दरकती छाती जाए।
सूख रहे नलकूप , अग्नि सूरज बरसाए।।

'पूनम'रोपो बीज, हरित भू मन को हरती।
मतकर अत्याचार, सिसक कर कहती धरती।।

हरियाली को देख कर ,बादल छेड़े राग।
रिमझिम रिमझिम बूँदनी,धोये धरती दाग।।

धोए धरती दाग, पुनः मनभावन कर दे।
हर ले भू की पीर,ताल सरि जल से भर दे।।

'पूनम' झूमें पात, हर्ष से भर-भर ताली।
इसी हेतु हे तात ,करो चहुँदिश हरियाली

नाम - पल्लवी सिन्हा
कक्षा - 10वीं

बारिश

बारिश आई छम छम छम,
आओ भीगे तुम और हम।
छप छपा छप उछले हम,
फिर अचानक से फिसले हम।
मिलकर खाएँ सब गरम पकोड़े,
देखो बरसने लगे है ओले।
ठंडी ठंडी हवा के झोंके,
मेंढक देखो टक टक ताके।
बारिश की मस्ती में हम खूब मजे उड़ाए,
आओ मिलकर बारिश में हम सब नहाये।

नाम- तुषार कुमार साहू
कक्षा-10 वीं

धरा की पुकार

कह रही है धरा,
सुन लो बात मेरी ज़रा
क्या रंग था मेरी,
क्या रंग गयी मैं,
सब कुछ भूल गयी मैं,
मुझे याद करा दो ज़रा
कह रही है धरा,
सुन लो बात मेरी ज़रा
आँखों के ये काजल काले,
पुरे तन में दिखने वाले,
मेरा दामन रंग गयी है कैसे,
देखो न तुम मुझे ज़रा
कह रही है धरा,
सुन लो बात मेरी ज़रा
माँ का दर्जा देते हो मुझे,
प्यार से धरा कहते हो मुझे,
तो ला दो मेरा असली रंग,
और कर दो न मुझे हरा
कह रही है धरा,
सुन लो बात मेरी ज़रा

नाम -सोनम नेताम
कक्षा - 10 वीं

बसंत

हरी हरी खेतों में बरस रहे हैं बूंदे
खुशी खुशी से आया सावन
भर गया मेरा आँगन ।

ऐसा लग रहा है जैसे
मन की कलियाँ खिल गई वैसे
ऐसे की आया बसंत
लेके फूलो का जश्न ।

धूप से प्यासी मेरे तन को
बूंदों ने दी ऐसी अंगड़ाई
खुश हुआ मेरा तन मन
लगता है मैं हूँ एक दामन ।

यहाँ संसार कितना सुंदर है
लेकिन लोग नहीं उतने अकालमंद
यहीं है एक निवेदन
न करो प्रकृति का शोषण ।

नाम- शिवानी साहू द्वारा
कक्षा-12वीं

पेड़ बचाओ

पेड़ बचाओ, प्रदूषण मिटाओ।
पेड़ बचाएँ और वायु प्रदूषण कम करें।
पेड़ों को बचाएँ, ऑक्सीजन प्राप्त करें।
पेड़ों को बचाएं और प्रकृति को हरियाली से सजाएं ।

नाम-रत्नेश
कक्षा-7वी

पेड़

जहरीली हुई हमारी हवा ,
जीने को बेहाल सभी।
सुनते हैं पेड़लगाओ, पेड़लगाओ।
लगाता कोई नही,
जब होगा जान बचाओ ,जान बचाओ,
तब पेड़ लगाने पानी हो गा नही।।

नाम –क्षमा निर्मलकर
कक्षा – 5 वीं

वृक्ष धरा के हैं आधार

वृक्ष धरा के हैं आधार,
रोकें इन पर अत्याचार।
वृक्ष की जब होगी वृद्धि,
चारों ओर होगी समृद्धि
करो न पर्यावरण का निरादर,

वृक्ष धरा के हैं आधार,
रोकें इन पर अत्याचार।
वृक्ष की जब होगी वृद्धि,
चारों और होगी समृद्धि।

मिट्टी पानी और बयार,
ये है जीवन के आधार।
वृक्ष अगर हो हरे भरे,
तो हम क्यों आकाल से डरें।

वृक्ष काटना है बेईमानी,
सदा बरसाते भू पर पानी।
प्राचीन काल में थी धरती हरी भरी,
मनुष्य बना स्वार्थी,

भूल गया अपना कर्तव्य।
पर फिर वह समय आया,
मिलकर है लेना हमें संकल्प।
धरती मां को फिर बनाना है,
हरा भरा व खुशहाल।।

नाम -लीलिमा साहू
कक्षा - 10 वीं

छतरी

आसमान में चमकी बिजली,
छतरी लेकर प्रतिभा निकली।
काले-काले बादल आए,
चाहे जितना जल बरसाए।।
धूप, बारिश से हमें बचाए,
छतरी सबके मन को भाए।।

नाम- प्रतिभा सोनकर
कक्षा-दूसरी

पानी

पानी रे पानी कितना अमूल्य है तू
तुझ बिन ये धरती विरानी

जिसने प्यास की तड़प गुज़ारी
उसने तेरी कीमत जानी

जल बिन जीवन सोचूँ कैसे
पौधों का जीना भी पड़े है भारी

तुझे बचाना है कर्तव्य हमारा
तभी धरती पर रहेंगे प्राणी

नाम - षौम्य कुमार साहू
कक्षा - 10वी

वर्षा रानी

छमछम करती वर्षा रानी
लाई जीवन में खुशहाली।
धरती माता थी विरानी
उसमें लाई हरियाली
सब जीवों की प्यास बुझाती
धरती के आंगन को हंसाती।।

छमछम करती वर्षा रानी
लाई जीवन में खुशहाली।
मेंढक भी है फूदफूद करता
तालत लैया सरसरभरता
आसमान में इंद्र धनुष दिखता
बच्चों के मन में खुशियां लाता

छम छम करती वर्षा रानी
लाई है जीवन में खुशहाली।।

नाम-रुहांशी सिन्हा
कक्षा- 2 वीं

प्रकृति की पुकार

पेड़ टूटे, नदियां सूखी,
हरिता का अब नाम नही।

रूठ गया ओ बावरा बादल,
आया है पर काम नहीं ।

प्यासों की प्यास बुझाती नदियां,
खुद ही प्यासी बैठी है।

सागर से जा मिलने वाली,
ना जाने क्यों रूठी है।

जंगल का विनाश हो रहा,
भूमि बंजर फैली है।

गर्मी जैसी सर्दी अब तो,
फिजाएं कितनी बदली है।

वन्य प्राणी बेघर होकर,
बना हुआ आतंकी है।

प्रकृति से खिलवाड़ हुआ,
इतनी भी क्या तंगी है?

जंगल जंगल कोलाहाल,
गांव शहर अब मौन है।

ये जमाना आया कैसे,
जिम्मेदार कौन है।

धरा अकुलाई चीख रही है,
तुम मेरे धरोहर हो।

मेरा रक्षक बनना होगा
तुम ही मेरे कल हो।

तो आओ मिलकर कदम बढ़ाएं,
प्रकृति पूजक बनना है।

नदी, पर्वत, जंगल, धरती ,
सबका संरक्षण करना है।

नाम- श्रेयश साहू
कक्षा -10 वीं

प्यारी तितली

रंग बिरंगी प्यारी तितली
सबके मन को भाती है |
बैठ फूल पर जबर सलेती
सबका मन ललचाती है |

नाम-जयेश कुमार घृतलहरे
कक्षा – दूसरी

कौन

अगर न होता चांद रातमें,
हमको दिशा दिखाता कौन?
अगर न होता सूरज दिन को,
सोने सा चमकता कौन?
अगर न होती निर्मल नदियां,
जग की प्यास बुझाता कौन?
अगर न होते पर्वत,
मीठे झरने बहाता कौन?
अगर न होते पेड़ भला फिर,
हरियाली फैलाता कौन?
अगर न होते फूल बताओ,
खिल-खिलकरमुसकाता कौन?

नाम- मुदित्यपटेल
कक्षा–दूसरी

पेड़ हमारे साथी है

पेड़ हमारे साथी है,
छाया हम को देते है।
बाढ से हमें बचातेहैं,
मीठे फल भी देते हैं।
पेड़ कितने जरुरी है,
फिर भी बेचारे कटते है।
हम भी पेड़ लगाएँगे,
संसार को हराभरा बनाएँगे।

नाम- युवांशी सोनवानी
कक्षा-दूसरी

प्लास्टिक मुक्त अभियान

जीवन है अनमोल |
प्लास्टिक से नतोल ||
प्लास्टिक है जान लेवा |
जिन्दगी में नघोल |
जीवन है अनमोल ||
करले तू काम नेक |
प्लास्टिक कूड़ा दान में फेंक |
स्वच्छता के बोलि ये बोल |
जीवन है अनमोल ||
सागर में जाकर जब ये मिलते |
जलजीव भोजन समझ निगलते |
प्लास्टिक कचरा जब जमा होते |
बन तेटीले गोल |
जीवन है अनमोल ||
सृष्टिको नकर घायल |
नदे उनको घाव ||
प्लास्टिक का उपयोग कमकर |
कर उनका बचाव ||
जग को प्लास्टिक मुक्त बनाओ |
खुशियों के बजाओ ढोल |
जीवन है अनमोल
जीवन है अनमोल ||

नाम- पूर्वी वर्मा
कक्षा – दूसरी

प्यार मोर

मोर बड़ा ही प्यारा लगता।
नाच-नाच वन में इठलाता।।
कान्हा के मन को भाता।
मुकुट की यह शानबढाता।।
पंख मोर का होता गहना।
ईश्वर की यह अनुपम रचना।।
सबके मन को हैब हलाता।
राष्ट्रीय पक्षी मोर कहलाता।।

नाम- प्रतिभा सोनकर
कक्षा- दूसरी

तितली उड़ी

तितली उड़ी, उड़ न सकी
तितली उड़ी , उड़ न सकी
बस में चढ़ी , सीट न मिली
सीट न मिली तो रोने लगी
ड्राइवर ने बोला आजा मेरे पास
तितली बोली हट बदमास
हट बदमास मेरा घर है पास

तितली उड़ी, उड़ न सकी
तितली उड़ी , उड़ न सकी
ट्रेन में चढ़ी , सीट न मिली
सीट न मिली तो रोने लगी
बंदर ने बोला आजा मेरे पास
तितली बोली हट बदमास
हट बदमास मेरा घर है पास

नाम – आयान साहू
कक्षा - दूसरी

मैं मतवाला मस्त पवन-सा

मैंमतवाला मस्तपवनसा,
निर्मल जल सा छुजा ता हूँ.
कभी छांव सा प्यार देता,
कभी धूप सा खिल जाता हूँ.

नहीं किसी का गमढोता,
खुशियाँ हर दम फैलाता हूं.
हर पल जीवन जीने का,
फल सफा बतलाता हूं.
मैं मतवाला मस्त पवनसा..

बारिश की बूँदों सा चमकीला,
हर जगह हरियाली लाता हूँ.
सुंदर फूलों की बगीचा सा,
सुगंध मुस्कान सा बिखर जाता हूँ
मैं मतवाला मस्त पवन सा…

बातों-बातों में कुछ डांट
तो कुछ प्यार सबक देजाता हूँ.
परिवार का केंद्र बिंदुसा,
जोड़े रहने का संदेश दे जाता हूँ.
मैं मतवाला मस्त पवनसा.

निर्मल जल सा छु जाता हूँ,
कभी छांव सा प्यार देता,
कभी धूपसा खिल जाता हूँ..

नाम - अन्वय वंजारी
कक्षा - दूसरी

वर्षा आई

रिमझिम – रिमझिम वर्षा आई।
धरती माँ की प्यास बुझाई।।

चारों तरफ छाई हरियाली।
खेतों में भी फसल लहराई।।

मीठे स्वर में कोयल बोली।
नाच उठी मोरों की टोली।।

लो कागज की नाव बनाओ।
फिर पानी में नाव चलाओ।।

रिमझिम रिमझिम वर्षा आई।
धरती माँ की प्यास बुझाई।।

नाम – मधुसूदन सिन्हा
कक्षा–छटवीं

पेड़ हमारे साथी है

पेड़ हमारे साथी है ,
छाया हम को देते है।
बाढ़ से हमें बचाते है,
मीठे फल भी देते है।
फिर भी बेचारे कटते है,
हम भी पेड़ लगाएँगे,
संसार जग को हरा भरा बनाएंगे,
पेड़ हमारे साथी है।
जीवन मे हमारे है,
पेड़ रहे हम भीर हे।
पर्यावरण बढ़ाएंगे हम भी बच्चे पेड़ लगाए स्नेहा
कर जीवन को हराभरा बनाऐ।

नाम – धात्री यादव
कक्षा-छठवीं

पेड़ लगाओ-पेड़ लगाओ

धरती कहे पुकार के ,
अपना **सीना** फाड़ के।
पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
आने वाला कल बचाओ।

आग सी यह तपती धरती,
रग-रग-रग-रग करती धरती।
ठंडी की मौसम है फिर भी,
अंगारों सी जलती धरती।

कौन है इसके जिम्मेदार,
प्रश्न है मेरा बारंबार।
आगे बढ़ने के चक्कर मे,
पेड़ काटे हमने हज़ार।

पेड़ों के बिन धरती रानी,
लगती है यह बड़ी विरानी।
तरह – तरह के जीव – जंतु सब,
कहने लगे है पानी-पानी।

वर्षा की बूंदे भी अब तो,
जैसे सपने लगते है।
बादल कर ते घड़- घड़- घड़- घड़,
फिर भी नही बरसते है।

आने वाली पीढ़ी सोचो,
कैसे दिन बिताएगें।
क्या पीएँगे, क्या खाएगें,
हर दिन मरते जाएगें।

इसीलिए तो मै कहती हूं,
हम सब पेड़ लगाएगें।
धरती का हर कोना-कोना,
पेड़ों से सजाएगें।

धरती कहे पुकार के ,
अपना **सीना** फाड़ के।
पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
आने वाला कल बचाओ।

वीणा साहू
कक्षा–छटवीं

पेड़ हमारे साथी है

पेड़ हमारे साथी है ,
छाया हम को देते है।
बाढ़से हमें बचाते है,
मीठे फल भी देते है।
फिर भी बेचारे कटते है,
हमभी पेड़ लगाएँगे,
संसार जग को हराभरा बनाएंगे,
पेड़ हमारे साथी है।
जीवन मे हमारे है,
पेड़ रहे हम भीर हे।
पर्यावरण बढ़ाएंगे हम बच्चे भी पेड़ **लगाएंगे**
हाँ यह करके जीवन को हरा भरा बनाऐ।

नाम – धात्री यादव
कक्षा- छठवीं

पानी तो अनमोल है

पानी तो अनमोल है
उसको बचाके रखिए
बर्बाद मत की जिए इसे
जीने का सलीका सीखिए
पानी को तरसते हैं
धरती पे काफी लोग यहां
पानी हो तो दौलत है
पानी सा धन भला कहां
पानी की है मात्रा सीमित
तो पानी का पानी और सीमित
तो पानी को बचाइए
इसी में है समृद्धि निहित
शेविं गया घर की धुलाई
जब क्यों जरूर बचत करें
पानी से है धरती महान

नाम-भौमिक साहू
कक्षा–छठवीं

पानी और धूप

अभी अभी ही बरसने
लगा कहां से यह पानी।
किसने फोड़े घड़े बादल के
किसने की है ये शैतानी।।
सूरज ने क्यों बंदकर लिया
अपने घर का दरवाजा।
उसकी माँ ने भी क्या उसको
बुला लिया कह कर आज।।

जोर जोर से गरज रहे है
बादल है किस के काका।
किसको डाट रहे है किसने
कहना नहीं सुना मां का।।

नाम-शशांक टंडन
कक्षा- छठवीं

बारिश

बारिश का मौसम है आया,
अपने साथ कितनी खुशियां लाया।
चारो ओर हरियाली छाई,
गर्मी बीती वर्षा आई।।
किसानों के चेहरे खिल आए,
पौधो को पानी मिल गए।
पपिहा भी अब गाने लगा,
बारिश सब को भाने लगा।।
बारिश देख बच्चे मुस्काए,
पानी में वो नाव बहाए।
तपगई देखो धरती सारी,
सुमन भी लगने लगी प्यारी।।
मुझे भी भागई बारिश,
तो भीगने की , की मैंने साजिश।
छतरी ओढ़े नाचने लगी,
दादा , दादी डटने लगे।।
फिर भी में बाज़ नहीं आई,
बारिश में मैं खूब नहाई।।

नाम –आराध्या साहू
कक्षा- 6 वी

आओ हम सब वृक्ष लगाएं

आओ हम सब वृक्ष लगाएं,
चारों ओर हरियाली लाएं।
वृक्ष हमें जीवन देते हैं,
खुशहाली से भर देते हैं।
फल फूल और छाया देते हैं,
सारे कष्ट जीवन के हर लेते हैं।
वृक्ष ना कटे अब अभियान चलाएं,
पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं।
सारी दुनिया को यह समझाएं,
इस धरती को फिर से स्वर्ग बनाएं।
आओ हम सब वृक्ष लगाएं ....

नाम – निहाल साहू
कक्षा - छठवीं

🌴 पेड़ 🌴

प्रकृति का श्रृंगार करती है,
जीवन में **बहार** लाती हैं,
खुश हाली की बयार लाती है,
मनमें उमंग का संचार करती हैं,
बरखा से मेल कराती हैं।
जन जनका उत्साह बढ़ाती हैं,
चिड़ियों को जीवन देती हैं।
धरती की शोभा बढ़ाती,
मिट्टी की रक्षा करती है,
होंठों पे मुस्कान लाती हैं।
मेरा और पेड़ का है या **नारा**,
संकल्प ले हम सब को पेड़ हैं लगाना,
अब न चलेगा कोई बहाना।।

नाम – आयुष दीवान
कक्षा–छठवीं

💧पानी 💧

गर्मी के संग हो जाती है,
शुरू एक नई कहानी ।
प्यासे लोग तरसते हैं,
और मिलता नहीं है पानी।
आओ मिलकर हम सब,
सबको बाटे ज्ञान।
पानी की हर बूंद का,
हम सब करे सम्मान।
बढ़ेंगे कदम बढ़ाने से,
पानी बचेगा बचाने से।
पानी एक अनमोल रत्न है,
अपनी जीवनदायी।
इस अमृत को आप बचाओ,
नहीं गंवाओ भाई,
इसको नहीं गंवाओ भाई।

नाम - अदिति वर्मा
कक्षा -3 अ

🌴 पेड़ 🌴

एक पेड़
मात्र नहीं होता एक पेड़
उसकी जड़ों के नेह से बंधी रहती है पूरी धरती
शिखर आकाश से उंगली पकड़ खींच लाते हैं
बादलों को धरा तक
छांव पथिक को थाम लेती हैं कुछ पल
फल भूख को
सांस, सांस को
पत्ते बकरी,हिरण को
लकडी, झोपड़ी के साथ चूल्हे को
और शाखाओं
ने थाम रखा है
पक्षियों का हँसता, खेलता
आशियाने में बसा
सम्पूर्ण संसार...
नाम - गीतांश साहू
कक्षा -3 अ

आह! टमाटर

आह! टमाटर बड़े मजेदार
एक दिन इसको चूहे ने खाया,
बिल्ली को भी मार भगाया।
आह! टमाटर बड़े मजेदार,
एक दिन इसको चींटी ने खाया,
हाथी को भी मार भगाया।
आह! टमाटर बड़े मजेदार
एक दिन इसको पतलू ने खाया,
मोटू को भी मार भगाया।
आह! टमाटर बड़े मजेदार।।

नाम – गरिमाकंवर
कक्षा चौथी

बारिश आई☔

बारिश आई ,बारिश आई..,
पूरी दुनिया झूम रही है ।
नाचे मोर गाए कोयलिया ,
कू ..कू. कू ..कू.

बारिश आई ,बारिश आई ..,
नाचे मोर ,गाये कोयलिया ।
सावन का यह महीना है,
लगता बड़ा सुहाना है ।

जब हम बाहर खेलने जाए,
रंग बिरंगे छाता लाए..।
बहते बारिश के पानी में हम,
मस्ती से कागज के नाव चलाए।

हम सब बारिश में नाचे गाए,
भींगते भींगते घर को आए।
बारिश में भींगते...भींगते.,
मम्मी की डॉट भी मन को भाए।

बारिश का यह महीना है,
लगता बड़ा सुहाना है ।
जब जब बारिश आती है,
तब तब हरियाली छाती है ।

मेंढक टर्र टर्र करते हैं ,झींगुर गिटार बजाते हैं।
जब रिमझिम बारिश होते हैं, रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं।
चारों ओर हरियाली छाती है,
मन में खुशियां लाती है।

खेतो में फसल लहलहाते है,
त्योहारों का मेला आता है। बारिश आई ,बारिश आई..
पूरी दुनिया झूम रही है...।

नाम- धर्मिष्ठा साहू

कक्षा- तीसरी

बादल राजा

बादल राजा बादल राजा पानी तो बरसाओ ।
देखो कितनी गर्मी है अब तो ना तरसाओ ।।

चैन नहीं है हमको कहीं ना स्कूल ना घर में ।
जुलाई का महीना है बरसो गांव- शहर में ।।
काली-काली घटा छाकर शांति तन को दिलाओ,बादल राजा

दोस्तों संग भीगते पानी में करते खूब मस्ती ।
पानी रोक कर बाँध बनाते बहाते कागज कश्ती ।।
मेंढक टर टर करते मोर को खूब नचाओ ,
बादल राजा

तुम बरसों तो पौधे लगाए और फूलों की क्यारी ।
हरी-भरी फसल उगेगी लगेगी खूब प्यारी ।।
बाबा तुमको रोज बुलाते उनको ना रुलाओ,
बादल राजा

नदी नाले ताल भरेंगे लगेगी मानो प्याली ।
पेड़ पौधे नाचे झूमे झूमे घास हरियाली ।।
हम जो रूठे फिर ना माने चाहे लाख मनाओ,
बादल राजा.

नाम - भेषजसाहू

कक्षा–तीसरी

पानी

पानी है कितना अनमोल,
जान लो तुम इसका मोल,
पानी बिना धरती है सूनी
बिन पानी जीवन का नहीं है मोल।
पानी से ये धरती बनी,
पानी से बने हम और तुम,
पानी से हरियाली यहां,
बिन पानी यहां सब गुम।
पानी नहीं रहे धरती पर,
सूखा पड़ जाए इस धरती पर,
ना रहे कोई जीवित यहां,
शमशान बन जाएगा इस धरती पर।

नाम- आराध्या भारतद्वाज

कक्षा- 4

बरखा रानी

बरखा रानी आओ तुम,

हमको गले लगाओ तुम |

गर्मी दूर भगाओ तुम,

तन को सुख पहुँचाओ तुम |

धरती की आस बुझाओ तुम,

तपते जंगल हर्षाओ तुम |

सागर में मिल जाओ तुम,

बरखा रानी आओ तुम ||

नाम- योनेश कुमार साहू

कक्षा- चौथी

पर्यावरण प्रदूषण

पर्यावरण प्रदुषण का अर्थ है वातावरण का दर्शित होना | प्रकृति में फैलने वाली **गंदगियाँ** ही प्रदूषण का कारण बनती है | पानी भूमि आदि जैसी कई चीजो से बना है | लेकिन जब इस पर्यावरण में कुछ ऐसे हानिकारक तत्व मिल जाते है जो हमारे पर्यावरण को प्रदूषित कर देते है | जिसकी वजह से जल, वायु, मिट्टी आदि सभी प्राकृतिक तत्व दूषित होने लगते है और इस स्थिति को पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है |

PM SHRI

महिला

शिक्षा

समाज

किसको नमन करूँ मैं भारत?

तुझको या तेरे नदीश, गिरि, वन को नमन करूँ, मैं ?
मेरे प्यारे देश ! देह या मन को नमन करूँ मैं ?
किसको नमन करूँ मैं भारत ? किसको नमन करूँ मैं ?
भू के मानचित्र पर अंकित त्रिभुज, यही क्या तू है ?
नर के नभश्चरण की दृढ़ कल्पना नहीं क्या तू है ?
भेदों का ज्ञाता, निगूढ़ताओं का चिर ज्ञानी है
मेरे प्यारे देश ! नहीं तू पत्थर है, पानी है
जड़ताओं में छिपे किसी चेतन को नमन करूँ मैं ?
भारत नहीं स्थान का वाचक, गुण विशेष नर का है
एक देश का नहीं, शील यह भूमंडल भर का है
जहाँ कहीं एकता अखंडित, जहाँ प्रेम का स्वर है
देश-देश में वहाँ खड़ा भारत जीवित भास्कर है
निखिल विश्व को जन्मभूमि-वंदन को नमन करूँ मैं !

नाम - भौमिक दीवान
कक्षा - 10वीं

वो पापा है मेरे

वो सागर हैं, हिम्मत के
वो गागर हैं, मेहनत के
खज़ाना हैं, कई खूबियों के
वो पता हैं, सारी खुशियों के
कोई और नहीं इस दुनिया में
वो पापा हैं मेरे, वो पापा हैं मेरे
गुण उन्हीं में देखा मैंने,
मुश्किलों में डटे रहना
हो कैसा भी समय चाहे,
लक्ष्यप्राप्ति को जुटे रहना
हो खुशी या गम का आलम,
अपनो के साथ खड़े रहना
जब साथ न दे दूजा कोई,
सच के लिए फिर भी अड़े रहना
आश्चर्य है!!!!
कैसे कर सकता कोई इतना???
बिना थके और बिना रुके
कोई और नहीं इस दुनिया में,
वो पापा हैं मेरे, वो पापा हैं मेरे

नाम - मोक्ष साहू
कक्षा - 10 वी

लड़की

लड़की हूं मैं लड़ सकती हूं ,
जग में नाम कमा सकती हूं ।
माता-पिता के पग चिन्ह पर चलकर ,
उनकी आशाओं को पूरा कर सकती हूं ।

पढ़ लिख कर जीवन में ,
कामयाबी की नयी उड़ान भर सकती हूं।
कठिनाइयों पर चलकर ,
जग में नाम कमा सकती हूं।

लड़की हूं मैं लड़ सकती हूं ,
जग में नाम कमा सकती हूं।
ससुराल के परंपराओं पर चलकर ,
बहू का फर्ज निभाऊंगी ।

दो कुल को जोड़कर ,
परिवार को खुशहाल बनाऊंगी ।
महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर,
नया इतिहास गढ़ सकती हूं ।

लड़की हूं मैं लड़ सकती हूं,
जग में नाम कमा सकती हूं।
अन्याय के विरुद्ध लड़कर ,
ज्ञान का प्रकाश फैल सकती हूं ।

दुर्गा काली चंडी बनकर ,
अत्याचार्यों का नाश कर सकती हूं।
लड़की हूं मैं लड़ सकती हूं ,
जग में नाम कमा सकती हूं।।

देश की पहरी बनाकर ,
भारत मां की सेवा कर सकती हूं ।
दुर्गा रानी लक्ष्मी बाई बनकर,
देश की रक्षा कर सकती हूं।

नील छिड़के कोई मुकुट **मणि** पर ,
उसका सीना चीर सकती हूं ।
भारत मां की रक्षा कर ,
तिरंगे की शान बढ़ा सकती हूं ।

लड़की हूं मैं लड़ सकती हूं ,
जग में नाम कमा सकती हूं ।।

नाम - चेतना साहू
कक्षा - 10 वीं

बहन

ये जो बहनों का प्यार है,
खुशियों का संसार है।
दुनिया का सबसे अच्छा उपहार है,
लड़ना झगड़ना रूठना मनाना।
यही तो उनके रिश्तों का आधार है,
ये जो बहन का प्यार है।
रिश्तो की अलग पहचान है,
उनके आने से महक उठा
हमारे घर का आंगन और परिवार है।
पांव में बचती घुंघरू की झंकार है,
बगिया की चौकी चिड़ियों की चटकार है
यह जो बहन का प्यार है।
महंगी में रहो या सस्ती में
पर रहो भगवान की भक्ति में।

नाम-भोर देवांगन
कक्षा- 10वी

ग्राम्य जीवन

छोटे-छोटे भवन स्वच्छ अति दृष्टि मनोहर आते हैं,
रत्न - जड़ित प्रशादों से भी बढ़कर शोभा पाते हैं।
बट-पीपल की शीतल छाया फैली कैसी है चहुं ओर,
व्दिजगण सुंदर गान सुनाते,
नृत्य कहीं दिखलाते मोर।

शांतिपूर्ण लघु ग्राम बड़ा ही सुखमय होता है भाई,
देखो नगरों से भी बढ़कर उनकी शोभा अधिकाई।
कपट,द्वेष,छलहीन यहां के रहने वाले चतुर किसान,
दिवस बिताते हैं प्रफुलित चित
करते हैं अतिथि का मान।

आसपास में है फुलवारी कहीं-कहीं पर बाग अनूप,
केले,नारंगी के तरूगन दिखलाते हैं सुंदर रूप।
नूतन मीठे फल बागों से नित खाने को मिलते हैं,
देने को फूलेल-सा सौरभ पुष्प यहां नित खिलते हैं।

पास जलाशय के खेतों में ईख खड़ी लहराती है,
हरी-भरी यह फसल धान की कृषकों के मन भाती है।
खेतों में आते हैं यह हिरणों के बच्चे चुप-चाप,
यहां नहीं है छली शिकारी जो धरती सुख से पदचाप।

कभी-कभी कृषकों के बालक उन्हें पकड़ने जाते हैं,
दौड़-दौड़ के थक जाते वे कहां पकड़ में आते हैं।
बहता एक सुन निर्मल झरना कल- कल शब्द सुनाता है,
मानव कृषकों को उन्नति के लिए मार्ग बतलाता है।

क्यों करते हो??

भगवान ने अंतर नही किया,
तुम क्यों करते हो?
उसने तो केवल मनुष्य बनाया,
तुम आज भी लड़का-लड़की करते हो||
लड़की पैदा होने पर क्यों तिल तिल मरते हो,
बराबर मौका देने में इतना क्यों डरते हो||

तुमने एक को कैद रखा चार दिवारी में,
तो दूसरा खुश रहा दोस्ती-यारी में||
बराबर मौका मिलता तो बात कुछ और होती,
समाज सभ्य होता और देश विकसित होती||

लड़का हो या लड़की हर समस्या से लड़ सकते है,
यही सोच समाज में बदलाव कर सकते है||
दीजिये सबको बराबरी का अधिकार,
जीने दो, और करने दो सपने साकार||

भगवान ने अंतर नही किया,
तुम क्यों करते हो?
उसने तो केवल मनुष्य बनाया,
तुम आज भी लड़का-लड़की करते हो||

नाम - प्रखर देव साहू
कक्षा - 10वीं

मेरी माँ

मेरे सर्वस्व की पहचान
अपने आँचल की दे छाँव
ममता की वो लोरी गाती
मेरे सपनों को सहलाती
गाती रहती, मुस्कराती जो
वो है मेरी माँ।
प्यार समेटे सीने में जो
सागर सारा अश्कों में जो
हर आहट पर मुड़ आती जो
वो है मेरी माँ।
दुख मेरे को समेट जाती
सुख की खुशबू बिखेर जाती
ममता की रस बरसाती जो
वो है मेरी माँ।

नाम - मीमान्शु टंडन
कक्षा - 10 वी

दोस्त है हमारा

दोस्त हैं वो हमारे जो बिन बुलाए चले आयें
क्या बना आज खाने में हक़ जताकर खाएँ

दोस्त है वो हमारे, जो बिन कहे फर्जी में ही हँसाये
कितना भी दुःखी हो मन से आकर तब भी सताए

दोस्त हैं वो हमारे जो, बिन बोले छीन ले जायें
खुद हो गर जरूरत एक पैर पे दौड़े चले आएं

दोस्त हैं वो हमारे जो,माँ बाप की डांट से घबराएं
पता चले हमे किसने छुआ तो मार करने आ जायें

दोस्त हैं वो हमारे जो मौक़ा पाते खिल्ली उड़ाए
मायूस हुए जरा से भी गर,तो प्यार बहुत जताएं

नाम-आदित्य साहू
कक्षा- 10वीं

ज़िंदगी

ऐ ज़िंदगी कभी तो इश्क़ करले ,
कम ज़रा ये रश्क करले ।
शिकायतें हैं जो,
कभी तो बयां करदे ।
हारी हुई शामों में,
साथ एक पल का तो दे- दे
कभी तो गले से लगाले ।
ऐ ज़िंदगी कभी तो इश्क़ करले ,
कम ज़रा ये रश्क करले
उलझने मन की,
कभी तो सुन ले ।
कब तक अनजान रहेगी तू ,
कभी तो अपना पता बता दे ,
खिजा से कभी तो बहार लादे ,
ऐ ज़िंदगी कभी तो इश्क़ करले ,
ऐ ज़िंदगी कभी तो इश्क़ करले ।

नाम - मृणाल चंदकर
क्लास - 10वी

बेटी

बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी,
बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी,
तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी.
तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी,
पढ़ूंगी लिखूंगी और मेहनत भी करूंगी
पढ़ूंगी लिखूंगी और मेहनत भी करूंगी,
अपने पांव में चलकर दुनिया को देखूंगी,
अपनेपांव में चलकर दुनिया को देखेगी,
बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी ,
तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी ,
बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी|
गगन में चमके चंदा धरती पर चमकूंगी
गगन में चमके चंदा धरती पर चमकूंगी,
छत्तीसगढ़में चमकूंगी उजियारा करूंगी ,
छत्तीसगढ़ में चमकूंगी उजियारा करूंगी ,
बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी,
तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी,
बेटी हूं बेटी मैं तारा बनूंगी ,,,,,

नाम-सोनम दीवान
कक्षा - 10वीं

मेरे प्यारे पापा

थाम कर हाथ मेरा,
चलना आपने सिखाया है,
नखरे उठाऐ मेरे
कंधे पर बैठाकर अपने
भले बुरे का ज्ञान से
आपने अवगत करवाया है,
जब जब मुझ पर कठिनाई आई
आपने मेरी ढाल बनाकर खड़े रहे
आपके गोद में पापा
सच्चा सुख पाया है...
आज क्यों संकोच करते हो ,
मुझसे कुछ मांगने में आप
क्यों नहीं पकडते हाथ मेरा
जब लड़खाड़ते हो आप
आपके कुछ तो काम आ सकूं
यही मेरी अभिलाषा है।

नाम-प्रतिभा साहू
कक्षा-दसवीं

आजादी

पंछी है कैद अगर,
तो उड़ने में कर मदद तू।
रात है काली अगर,
दिया जला कर रौशन कर तू।
बीत गए कई साल रूढ़िवादी विचारों में उलझ कर,
सुलझा मन के भाव तू।
औरत, आदमी या हो कोई बच्चा,
सबके जीवन का कर सम्मान तू।
तोड़ दे दीवारें सारी,
आगे बढ़ विजई राह पर।
उन वीरों ने क्या पाया,
अगर तू अब भी डर में खोया।
उठ जा तू, छू ले आसमान,
आज़ाद पे है सबका हक ।

नाम-टी.सौम्य सागर
कक्षा-10वी

जात-पात का विनाश

